प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 21.06.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कोलकाता में स्वदेश निर्मित भारतीय नौसेना के तीन पोत – आईएनएस दुनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय को राष्ट्र को समर्पित किया। नौसेना के अनुसार, इन पोतों में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि भारत जहाज निर्माण क्षेत्र में नई सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जहाज निर्माण और मरम्मत को राष्ट्रीय मिशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समुद्री क्षेत्र आने वाले समय में लाखों रोजगार सृजित कर सकता है।

0000

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि राजस्थान के पूरे सीमावर्ती क्षेत्र को रेल नेटवर्क से जोडने की परियोजना पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए बीएसएफ के साथ मिलकर डीपीआर बनायी जायेगी। श्री वैष्णव आज बीकानेर स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। रेल मंत्री ने कहा कि सरहदी क्षेत्रों में रेल नेटवर्क पंहुचने से न केवल क्षेत्र के लोगों को रेल सेवाएं मिलेगी, बल्कि यह परियोजना सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण साबित होगी।

....

इस अवसर पर श्री वैष्णव ने लालगढ़–साबरमती ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवान किया। इस ट्रेन से गुजरात और राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बीच सीधी रेल कनेक्टविटी उपलब्ध होगी। इस दौरान केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद रहे। श्री वैष्णव आज ही जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन से जयपुर–दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस को रवाना करेंगे। ये ट्रेन राजस्थान और बिहार के बीच सम्पर्क को नई गति देगी। श्री वैष्णव खातीपुरा में मेगा कोचिंग टर्मिनल का उद्घाटन भी करेंगे। श्री वैष्णव 41 छोटे और मध्यम स्टेशनों पर नये प्लेटफॉर्म विस्तार तथा 16 स्टेशनों पर एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली का भी लोकार्पण करेंगे।

0000

दुनियाभर में आज 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है – बढती उम्र के प्रभाव को रोकने के लिए योग। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मध्य प्रदेश के जबलपुर में योग किया। आज मुख्य कार्यक्रम पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में रेड रोड पर हुआ। जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्यक्रम में योगाभ्यास का नेतृत्व करते हुए कहा कि योग सभी के जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार करता है। इधर, प्रदेश में सभी जिलों, ब्लॉक और ग्राम पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर योग कार्यक्रम हुए। राजधानी जयपुर के एसएमएस स्टेडियम के इंडोर स्टेडियम में आयोजित हुए कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा सहीत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सिरोही के आबूराज में आयोजित हुए सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा योग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा योग न सिर्फ शरीर और मन को जोडता है बल्कि विश्व को जोड़ने का काम भी कर रहा है।

0000

नीट–यूजी 2026 परीक्षा आज दोबारा हो रही है। ये परीक्षा दोपहर 2 बजे से **शुरू** होकर शाम सवा पांच बजे तक चलेगी। देश और विदेश के विभिन्न शहरों में 22 लाख 79 हजार से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश सुबह 11 बजे से शुरू हो गया है, जो अब से कुछ देर बाद में डेढ़ बजे बंद हो जाएगा। विद्यार्थियों को नये प्रवेश पत्र और वैध फोटो पहचान पत्र से ही प्रवेश दिया जा रहा है। एनटीए के अनुसार, नीट–यूजी पुनर्परीक्षा देश के 551 शहरों और 14 विदेशी शहरों में आयोजित की जा रही है। इधर, प्रदेश में री–नीट पुनर्परीक्षा के लिए 25 जिलों में 577 परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं। जिन पर करीब 2 लाख 9 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए पुलिस, प्रशासन, एसओजी और आईबी पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं। केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने परीक्षार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि परीक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं और अभ्यर्थी बिना किसी भय के परीक्षा दें।

0000

आज विश्व ऊँट दिवस है। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने देशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। सोशल मीडिया पर अपने संदेश में श्री शेखावत ने कहा कि ऊँट केवल आजीविका का साधन ही नहीं, बल्कि राजस्थान और गुजरात की संस्कृति और परंपरा का भी प्रतीक है। उन्होंने ऊँट को मरुस्थल का जहाज बताते हुए इसके संरक्षण का आह्वान किया।

0000

प्रदेश में प्री–मानसून की गतिविधियां लगातार जारी हैं। राजधानी जयपुर और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही रुक–रुककर हल्की बारिश दर्ज की गई। पिछले 24 घण्टों में कोटा और भरतपुर संभाग के अलावा जयपुर और बीकानेर संभाग के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। बारां जिले के अटरू में सबसे अधिक 62 मिमी बारिश हुई। बारिश और बादलों के कारण कई शहरों में तापमान में गिरावट आई है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। हालांकि पश्चिमी जिलों में गर्मी का असर बना हुआ है। कल फलौदी सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 40 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने आज राज्य के 19 से अधिक जिलों में आंधी और बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले तीन दिनों तक आंधी और बारिश की गतिविधियां बनी रहने की संभावना है।

00000